
## संक्षिप्त समाचार

### तीन एडीओ पंचायत और 15 सचिव का अनुपस्थित पाए जाने पर जिला पंचायत राज अधिकारी ने काटा वेतन



**मथुरा।** बरसाना लठमार होली की ड्यूटी में लगाए गए एडीओ पंचायत फरह विजय शर्मा, एडीओ पंचायत चौमुहा श्याम सुंदर सारस्वत, एडीओ बलदेव नवेश कुमार ड्यूटी निरीक्षण के दौरान अनुपस्थित पाए गए, जिनका एक दिन का वेतन काट दिया गया है। इसी प्रकार 15 सचिव अपने ड्यूटी पॉइंट पर अनुपस्थित पाए गए आकाश कुमार, चोखेलाल, सौरभ मिश्रा, नानकराम, बच्चू सिंह ,सुरेंद्र सिंह, गोपाल प्रसाद, दिलीप शर्मा ,पवन कुमार वर्मा, कमल किशोर व्यास, भुवनेश कुमार, रनजीत सिंह, यशपाल सिंह, सुभाष चंद्र, दिलीप शर्मा अनुपस्थित पाए गए। जिनका एक दिन का वेतन काट दिया गया है और भविष्य के लिए चेतावनी दी जाती है कि यदि कल पुनः ड्यूटी पर अनुपस्थित पाए गए तो अनुशासनात्मक कार्रवाई प्रस्तावित की जाएगी। सभी सफाई कर्मचारियों को सचेत किया गया है अपने ड्यूटी पॉइंट पर विधिवत साफ सफाई करें ,यदि निरीक्षण के दौरान गंदगी पाई जाएगी तत्काल कठोर कार्रवाई की जाएगी।

### जगद्गुरु शंकराचार्य वृंदावन में मनायेंगे होली



**मथुरा।** पुरी पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती जी महाराज के सानिध्य में सप्त दिवसीय होलीकोत्सव का आयोजन 18 मार्च से बुर्जा मार्ग स्थित श्री हरिहर आश्रम में विविध धार्मिक और सांस्कृतिक अनुष्ठानों के साथ किया जा रहा है। व्यवस्थापक विवेक मिश्र ने बताया कि होली पर्व पर पुरी पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी श्री निश्चलानंद सरस्वती महाराज का प्रवास वृंदावन धाम में हो रहा है और इस अवसर पर विविध धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं जिसके अंतर्गत 18 मार्च से महाराज श्री द्वारा श्री मद भागवत के अध्याय पांच पर श्री स्वामी अखंडानंद आश्रम में प्रातः काल प्रवचन किया जायेगा। सांयकाल महाराज श्री द्वारा श्री हरिहर आश्रम में सत्संग के अंतर्गत जिज्ञासाओं का समाधान किया जायेगा। श्री मिश्र ने भक्तों से प्रवचन श्रवण लाभ उठाने की अपील की है।

### लड्डू होली देखने पहुंचे श्रद्धालुओं के वाहन फंसे जाम में, लगी लम्बी लम्बी कतारें




**मथुरा।** लड्डू होली पर गिरिराज जी और श्रीजी के दर्शनों को आए श्रद्धालुओं को एक बार फिर अव्यवस्थाओं के कारण परेशानी का सामना करना पड़ा। श्रद्धालुओं के वाहन जाम में फंस गए। जाम से मुक्ति दिलाने को पुलिस कोसों दूर तक नजर नहीं आई जिससे नींमगाँव राधाकुण्ड बाईपास पर श्रद्धालुओं के वाहनों की लंबी कतार लग गई और वाहन घंटों जाम में फसे रहने से श्रद्धालुओं को खासी परेशानी का सामना करना पड़ा। रविवार को राधारानी की नगरी बरसाना में लड्डू होली पर देश के विभिन्न प्रान्तों से आए श्रद्धालुओं को जल्दी पहुँचे की होड़ में राधाकुण्ड बाईपास पर श्रद्धालुओं के वाहनों की लंबी लाइन लग गई जिससे ट्रैफिक व्यवस्था पूरी ट्रेफिक व्यवस्था पुरी तरह से फेल हो गई वहीं जाम से मुक्ति दिलाने को पुलिस कोसों दूर तक नजर नहीं आई तो बाईपास पर घंटों जाम लगा रहा जिससे श्रद्धालुओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। वहीं गोवर्धन-मथुरा रोड, राधाकुण्ड छटीकरा रोड़ पर सुबह से ही वाहनों की लंबी लंबी कतार देखी गई और जगह जगह जाम लगने से वाहनों की रफ़्तार सांय तक धीमी रहीं जिससे श्रद्धालुओं को एक घंटे का सफर दो से तीन घंटे में करना पड़ा।

### खीरों में ताबड़तोड़ चोरियां

**रायबरेली।** खीरों थाना क्षेत्र में इन दिनों चोरी की वारदातों ने कानून व्यवस्था पर सवाल खड़ा कर दिया है। कुछ दिनो के अंतर्गत क्षेत्र में लगातार चोरी की वारदात हुई लेकिन खुलासा किसी का नहीं हो सका। ताजा मामला तेवारिन खेड़ा मजरे खजुहा गांव का है उपरोक्त गांव निवासिनी शांति पत्नी राज बहादुर ने बताया कि बीती गुरुवार की रात आधा दर्जन अज्ञात चोरों ने घर में घुसकर मारपीट की और घर में रखें जेवरात व नकदी उठा ले गए। थानेदार देवेन्द्र भदौरिया का कहना है की जल्द चोरी का खुलासा किया जाएगा।

# मंडलायुक्त आगरा रंगोत्सव 2024 का दीप प्रज्जवल कर किया शुभारंभ

## उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद ने ब्रज की परंपराओं को जन जन तक पहुंचाने का कार्य किया

**अशफाक चौधरी**




**मथुरा।** मंडलायुक्त श्रीमती रितु माहेश्वरी ने उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद द्वारा श्रीराधा बिहारी इंटर कॉलेज बरसाना में आयोजित रंगोत्सव 2024 कार्यक्रम का दीप प्रज्ज्वलन कर शुभारंभ किया। दीप प्रज्ज्वलन में जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेश कुमार पांडेय, वीसी एमवीडीए / सीईओ ब्रज तीर्थ विकास परिषद श्याम बहादुर सिंह, अपर जिलाधिकारी प्रशासन विजय शंकर दुबे, सचिव एमवीडीए अरविंद कुमार द्विवेदी तथा ओ.एस.डी एमवीडीए प्रसून द्विवेदी मौजूद रहे।

मंडलायुक्त ने कार्यक्रम में सभी लोगों को संबोधित करते हुए रंगोत्सव 2024 की बहुत बहुत बधाई दी। उन्होंने कहा कि वर्ष 2017 में उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद के गठन के बाद ब्रज की होली को और अधिक भव्यता के साथ मनाया जा रहा है। उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद ने ब्रज की परंपराओं को जन जन तक पहुंचाने का कार्य किया है। उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद ने सम्पूर्ण ब्रज का विकास किया है, जिसमें बरसाना, गोकुल, नंदगांव, वृंदावन आदि शामिल है। उन्होंने कहा कि जनपद मथुरा में जितने हेरिटेज स्थल है, उतने हेरिटेज स्थल और कही नही है। मंडलायुक्त ने रंगोत्सव 2024 को भव्यता के साथ कराने हेतु उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद को बहुत बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं दी। मंडलायुक्त महोदया ने कहा कि मथुरा की होली विश्व प्रसिद्ध है। देश विदेश से लाखों की संख्या के श्रद्धालु होली में सराबोर होने ब्रज भूमि में आते है। ब्रज में जितने प्रकार की होली खेली जाती है उनती पूरे भारत में कही नही खेली जाती है। ब्रज में लड्डू होली, लट्ठमार होली , रंगों की होली, फूल होली, छड़ीमार होली आदि प्रकार की होली खेली जाती है।

जनपद मथुरा की प्रमुख होली में फाग आमंत्रण नन्दगाँव, लड्डू होली बरसाना, लठामार होली रंगीली चौक बरसाना, नंदबाबा मंदिर होली नन्दगाँव, श्री कृष्णजन्म स्थान व श्री द्वारिकाधीश मंदिर होली मथुरा, श्री बाँके बिहारी मंदिर होली वृन्दावन, छड़ीमार होली गोकुल, दाऊजी जी का हुरंगा महावन आदि शामिल है। मंडलायुक्त ने कहा कि मथुरा की होली का आयोजन एवं प्रबंधन इतना अच्छा होना चाहिए कि इसका संदेश दूर दूर तक जाए। उन्होंने कहा कि जिलाधिकारी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एवं वीसी एमवीडीए/ सीईओ ब्रज तीर्थ विकास परिषद के नेतृत्व में जनपद विकसित हो रहा है। उन्होंने कहा कि शीघ्र श्रद्धालुओं की सुविधाओं हेतु बरसाना में रोपवे की व्यवस्था चालू होने जा रही है। आगामी 3-4 महीनों में रोपवे की व्यवस्था को चालू करने का लक्ष्य रखा गया है। रंगोत्सव शुभारंभ के अवसर पर मंच पर बृज संस्कृति में रंगे रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी हुए।

# जिला निर्वाचन अधिकारी ने जनपद में निर्वाचन के सम्बंध में दी विस्तृत जानकारी

**तेजयुग न्यूज**

**अयोध्या :** जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी ने भारत निर्वाचन आयोग से जारी की गयी लोकसभा सामान्य निर्वाचन के लिए कार्यक्रम की घोषणा के पश्चात जनपद में मा0 आयोग के निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित कराते हुए लोकसभा सामान्य निर्वाचन को सकुशल एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराये जाने के सम्बंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की।

जिला निर्वाचन अधिकारी /जिलाधिकारी नीतीश कुमार ने बताया कि 54-फैजाबाद लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में कुल पांच विधानसभाएं 270-दरियाबाद जनपद बाराबंकी कुल मतदाता 417751, 271-रूदौली कुल मतदाता 361635, 273-मिल्कीपुर कुल मतदाता 362390, 274-बीकापुर कुल मतदाता 390625, 275-अयोध्या कुल मतदाता 387319 सम्मिलित है। इस प्रकार 54-फैजाबाद लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में कुल 1919720 मतदाता हैं, जिनमें 1002060 पुरुष, 917578 महिला तथा 82 ट्रांसजेंडर मतदाता हैं। इसी के साथ जनपद में एक अन्य विधानसभा 276-गोसाईगंज कुल मतदाता 398865 है जो लोकसभा क्षेत्र-अम्बेडकर नगर के अन्तर्गत आती है।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि 54-फैजाबाद लोकसभा चुनाव पांचवें चरण में है जिसमें गजट अधिसूचना जारी होने की तिथि 26 अप्रैल है। उम्मीदवारों के लिए नामांकन जमा करने की अंतिम तिथि 3 मई उम्मीदवारी वापस लेने की अंतिम तिथि 6 मई मतदान की तिथि 20 मई तथा वोटों की गिनती 4 जून को होगी। उन्होंने बताया कि जनपद में लोकसभा सामान्य निर्वाचन को मा0 आयोग के निर्देशानुसार सकुशल, शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी ढंग से सम्पन्न कराये जाने के दृष्टिगत समस्त तैयारियां पूर्ण कर ली गयी है।

# गिरिराज तलहटी पहुंचे ऊर्जा सचिव और एमडी ने दर्शन कर मांगी मनौती



**अशफाक चौधरी**

**मथुरा।** धार्मिक यात्रा पर गोवर्धन स्थित गिरिराज तलहटी पहुँचे ऊर्जा सचिव और एमडी दक्षिणांचल ने दसविसा में मुकुट मुखारविन्द मंदिर में गिरिराज जी के दर्शन किए दूध चढ़ाया और पूजा अर्चना कर मनोती मांगी। रविवार को ब्रज दर्शन के दौरान वृंदावन में बाँके विहारी मंदिर में दर्शन कर गिरिराज तलहटी पहुँचे पंकज अग्रवाल ऊर्जा सचिव भारत सरकार और अमित किशोर एमड़ी दक्षिण ने मुकुट मुखारबिन्द मंदिर में गिरिराज जी के दर्शन किए और पूजा अर्चना कर मनोंती मांगी।

मंदिर रिसीवर कपिल चतुर्वेदी एडवोकेट, श्रीजी पीठाचार्य मनीष बाबा, सेवायत मनोज शर्मा राजू आदि ने दूध दही से पंचामृत से गिरिराज जी का अभिषेक कराया, इत्र लगाकर विधिवत पूजा अर्चना कर भोग लगाकर मनोती मांगी। धार्मिक यात्रा के दौरान पंकज अग्रवाल ऊर्जा सचिव भारत सरकार और एमड़ी अमित किशोर व चीफ इंजीनियर ने वृंदावन में बाँके विहारी के दर्शन किए गिरिराज जी के दर्शन पूजा अर्चना कर मनौती मांगी और सोमवर को लट्ठमार होली देखने के लिए बरसाना पहुंचेंगे। इस अवसर पर सहायक प्रबंधक चंद्र विनोद कौशिक, सेवायत दीपक, सुनील, बंसीलाल आदि मौजूद रहे।

# हुरंगा, होली में सफाई व्यवस्था संभाल रहे 450 कर्मचारी, ट्रैटर, ट्राली और जेसीबी की भी व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे

## लापरवाही पर होगी कठोर कार्रवाई होगा नियमित निरीक्षण : डीपीआरओ

**अशफाक चौधरी**



**मथुरा।** जिला पंचायतराज अधिकारी किरन चौधरी ने समस्त जनपदवासियों को होली की शुभकामनायें देते हुए अवगत कराया गया है कि आयुक्त आगरा मण्डल आगरा के मार्ग-दर्शन में जिलाधिकारी महोदय मथुरा के निर्देशों के क्रम में प्रान्तीयकृत मेला रंगीली लट्ठमार होली (रंगोत्सव) 2024 के अवसर पर 15 मार्च से 19 मार्च तक नगर पंचायत बरसाना के क्षेत्र में 300 ग्रामीण सफाईकर्मियों की डयूटी सम्बन्धित कार्य-स्थल पर लगाते हुये सम्बन्धित सफाई कर्मियों के सफाई कार्य का पर्यवेक्षण कराये जाने हेतु 46 ग्राम पंचायत अधिकारियों/ग्राम विकास अधिकारियों को पर्यवेक्षण अधिकारी नामित किया गया है।

इसी प्रकार ठा. श्री दाऊजी महाराज के विश्व प्रसिद्ध हुरंगा महोत्सव- 2024 के आयोजन के अवसर पर नगर पंचायत बल्देव के क्षेत्र में साफ-सफाई के दृष्टिगत दिनांक 24-03-2024 से दिनांक 26-03-2024 तक 300 सफाई कर्मियों की डयूटी सफाई कार्य हेतु लगायी है। सम्बन्धित सफाई कर्मियों के सफाई कार्य के पर्यवेक्षण हेतु 05 ग्राम पंचायत अधिकारियों/ग्राम विकास अधिकारियों को पर्यवेक्षण अधिकारी के रूप में नामित किया गया है। उक्त के अतिरिक्त जनपद मथुरा की ग्राम पंचायत फालैन में प्रहलाद कुण्ड पर प्रत्येक वर्ष होली के पर्व पर मेले का आयोजन किया जाता है, इस वर्ष यह मेला दिनांक 24-03-2024 तक मनाया जा रहा है, जिसके दृष्टिगत विकास खण्ड छाता के ग्रामीण क्षेत्रों में तैनात 30 सफाई कर्मियों की टीम गठित कर ग्राम पंचायत फालैन में सफाई कार्य हेतु निर्देशित किया गया है, जो सहायक विकास अधिकारी (पं.) विकास खण्ड छाता के निर्देशन में सफाई कार्य करेगी।

जिला पंचायतराज अधिकारी मथुरा द्वारा अवगत कराया गया कि समस्त कर्मचारियों के कार्यों के सतत् पर्यवेक्षण हेतु सम्बन्धित सहायक विकास अधिकारी (पं.) को निर्देशित किया गया है कि वे नियमित रूप से डयूटी में लगे कार्यों के पर्यवेक्षण हेतु नियमित रूप से निरीक्षण करते रहें। साथ ही अपर जिला पंचायतराज अधिकारी मथुरा एवं उनके द्वारा नियमित रूप से सत्यापन किये जाने के लिए आकस्मिक भ्रमण किया जायेगा।

साथ ही अवगत कराया गया कि आयुक्त महोदया आगरा मण्डल आगरा एवं जिलाधिकारी महोदय के निर्देशों के क्रम में रंगोत्सव-2024 में सफाई व्यवस्था हेतु लगे कर्मचारियों द्वारा यदि लापरवाही बरती जायेगी, उनके विरूद्ध कठोर कार्यवाही अमल में लायी जायेगी। समस्त सचिव और ग्राम प्रधान यह ध्यान रखें कि अपने क्षेत्र में विशेष साफ सफाई अभियान में यदि ट्रैक्टर, ट्राली, जेसीबी की आवश्यकता पड़े तत्काल व्यवस्था कर विधिवत्त साफ-सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे।

# भाजपा जिलाध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं में फूंका जीत का मंत्र

**खड्डा, कुशीनगर।** आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को लेकर खड्डा नगर के बैंक रोड़ स्थित भाजपा कार्यालय पर बुधवार को विधानसभा स्तरीय चुनाव संचालन समिति की बैठक की गई। बैठक में भाजपा जिलाध्यक्ष दुर्गेश राय, लोकसभा चुनाव संयोजक अवधेश प्रताप सिंह, विधायक विवेकानंद पाण्डेय ने चुनाव संचालन समिति के पदाधिकारियों को चुनावी मंत्र फूंका। बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष दुर्गेश राय ने कहा कि विधानसभा स्तरीय पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि ये चुनाव भारत को 2047 तक विकसित भारत की नींव रखने, दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने जाति व पंथ विहीन समाज खड़ा करने और प्रत्येक क्षेत्र में विश्व का सिरमौर बनाने के लिए है। उन्होंने तय जिम्मेदारियों को सभी से निष्ठा पूर्वक निर्वहन कर 400 पार के नारे को साकार करने का आह्वान किया। विधायक विवेकानंद पाण्डेय ने कहा कि कार्यकताओं के मेहनत और परिश्रम के बल पर इस बार लोकसभा चुनाव को रिकॉर्ड मतों से जितेंगे। इस दौरान चेयरमैन प्रतिनिधि दुर्गेश्वर वर्मा, प्रमुख प्रतिनिधि शेषनाथ यादव, राम अधार, राजभर, मनोज जायसवाल, विजय लक्ष्मी मिश्रा, आलोक तिवारी, विधानसभा सभा संयोजक बृजेश मिश्रा, चन्द्र प्रकाश तिवारी, हरिगोविंद रौनियार, सूरज गोविन्द राव, द्विग्विजय शर्मा, राजेश्वर सिंह, विजय कन्नौजिया, संजय पाण्डेय, बैजनाथ आदि मौजूद रहे।

# स्वामी प्रसाद मौर्य पर न्यायालय द्वारा कार्यवाही का आदेश सनातन धर्म की जीत : दिनेश शर्मा फलाहारी

**अशफाक चौधरी**



**मथुरा।** श्रीकृष्ण जन्मभूमि का केस चल रहे मुख्य पक्षकार दिनेश शर्मा फलाहारी ने कहा कि न्यायालय द्वारा स्वामी प्रसाद मौर्य पर मुकदमा दर्ज करने का जो आदेश दिया गया है, वहुत ही सराहनीय कार्य किया है। सनातनी हिन्दू द्वारा न्यायालय मैं स्वामी प्रसाद के बयान पर आपत्ति जताते हुए प्रार्थना पत्र दिया तो न्यायलय द्वारा सुसंगत धाराओं मैं मुकदमा दर्ज करने का आदेश पुलिस को दिया गया है।

हिन्दू वादी नेता दिनेश शर्मा ने कहा कि न्यायालय इसी प्रकार कार्रवाई करती रही तो आने वाले समय में कोई भी बड़ा नेता सनातन धर्म के खिलाफ बोलने से पहले 100 बार सोचेगा, ऐसे नेताओं पर कठोर से कठोर कार्य होनी चाहिए सभी सनातन हिंदू आज बहुत खुश हैं, उन्होंने कहा कि स्वामी प्रसाद मौर्य,सभी राजनीतिक पार्टियों में रहा है और उसने पद पर रहकर खूब मलाई खाई है उसकी संपत्ति की भी जांच होनी चाहिए. उन्होंने कहा कि सपा, बसपा, भाजपा मैं रहकर स्वामी ने काफ़ी संपत्ति अर्जित की है,ऐसे लोग केबल सरकार मैं रहना चाहते हैं, इनको किसी भी धर्म मैं सहानुभूति नहीं होती है, ऐसे लोग दल बदल कर वोट बैंक की राजनीती करते हैं।

कृष्ण जन्मभूमि का केस लड़ रहे सलमा फलाहारी ने कहा कि स्वामी प्रसाद मोड पर जो कार्रवाई हुई है उसे सभी सनातनी हिंदुओं में बहुत ही खुशी पहुंची है। इसी प्रकार यदि कार्रवाई होती रही तो आने वाले समय में ऐसे भ्रष्ट नेताओं को बोलने से पहले सोचना पड़ेगा, इस प्रकार के लोग अपने समाज के भी हितेषी नहीं होते हैं,यह लोग अपनी समाज को भी गिरवी रख देते हैं,यह लोग अपनी समाज को मूर्ख बनाते हैं और अपना उल्लू सीधा करते हैं, स्वामी प्रसाद मौर्य पहले भी हमारे पवित्र ग्रंथ रामायण पर टिप्पणी कर चुका है हम सभी सनातनी हिंदू न्यायालय को धन्यवाद देते हैं जिसने इतना अच्छा आदेश दिया है, उन्होंने मोदी जी अपील की है कि स्वामी प्रसाद मौर्य को पागल खाने में भेजा जाए तभी सनातन धर्म के खिलाफ बोलने पर इसका प्रायश्चित माना जाएगा।

# केन्द्रीय मंत्री के नेतृत्व में सैकड़ों राम भक्तों ने किया रामलला का दर्शन

**तेजयुग न्यूज**

**अयोध्या :** केंद्रीय मंत्री महेंद्र पांडे पहुंचे अयोध्या, अपने संसदीय क्षेत्र चंदौली से हजारों की संख्या में राम भक्त 153 बसों में सवार होकर केन्द्रीय मंत्री महेन्द्र पाण्डेय के नेतृत्व में अयोध्या पहुंचकर राम भक्तों ने राम लला का दर्शन किया।



इस दौरान केंद्रीय ने लोकसभा चुनाव को लेकर इंडिया गठबंधन पर कटाक्ष करते हुए कहा भारत में एक ही गठबंधन है नरेंद्र मोदी जैसे तपस्वी नेता के संग जनता से सीधे लगाव का गठबंधन है। यह लगाव सभी माता बहन, भाई बंधु में बड़े बुजुर्गों में, छोटे बच्चों में सर्वत्र प्रतीत होता है। आज सबके मन में यह विश्वास और यह आशा का गठबंधन है, ये महान नेता देश को विकसित बना सकते हैं। देश को दुनिया में गौरवपूर्ण स्थान दिला सकते हैं और हर गरीब से गरीब आदमी का कल्याण हो यह गठबंधन है। जो गठबंधन बना है वह आज तक एक संयुक्त कार्यक्रम नहीं कर सका तो यह कैसा गठबंधन है। मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री रामलला दिव्य भव्य मंदिर और वैभव पर महेंद्र पांडे ने कहा अयोध्या आने पर भारत के सांस्कृतिक बहुत ही श्रेष्ठ जागरण का अनुभव होता है।

राम लला की दिव्य आभा जैसे लगता है राम लला प्रत्यक्ष खड़े हैं। उनकी आंखें ऐसी हैं जैसे शुभ मंगल की कृपा बरसाती नजर आती हो पूरी धर्म नगरी एक रंग में एक धार्मिक परिवेश में जैसा अवधपुरी का प्राचीन वर्णन है उस वर्णन में आधुनिक युग में बहुत ही सुंदर बहुत ही आनंद बहुत ही सदविचारों का अनुभव होता है।

# ऑसफोर्ड यूनिवर्सिटी के द्वारा नई शिक्षा नीति के माध्यम से शिक्षकों को किया गया प्रशिक्षित

**तेजयुग न्यूज**

**मिल्कीपुर/अयोध्या :** जनपद के मिल्कीपुर क्षेत्र अंतर्गत कुमारगंज बाजार में स्थित शिव सेंट्रल पब्लिक स्कूल में ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी के द्वारा नई शिक्षा नीति, एन सी एफ एवं क्लासरूम मैनेजमेंट की एकदिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण में प्रशिक्षक डॉक्टर निशि सहरावत फोगाट ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी एवं नीतीश अग्रवाल ने विद्यालय के 28 शिक्षकों को प्रशिक्षित किया।




बताते चले कि प्रशिक्षण कार्यक्रम हेतु विद्यालय चयन के लिए अक्टूबर 23 में लखनऊ में आयोजित क्विज कंपटीशन के माध्यम से हुआ था। शिव सेंट्रल पब्लिक स्कूल के शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि नई शिक्षा नीति का उद्देश्य भारत में प्रदान की जाने वाली शिक्षा को वैश्विक स्तर पर लाना है। और शिक्षा प्रणाली को विकसित करना है वर्ष 2030 तक प्राथमिक से माध्यमिक तक शिक्षा को सार्वभौमिक रूप से सुलभ बनाना है। एन सी एफ में सभी को 14 वर्ष आयु तक शिक्षा प्रदान करना है। साथ ही साथ शिक्षा को तनाव मुक्त होना है। शिक्षा के लिए एक स्थाई और व्यवस्थित परिवेश सुनिश्चित करना है। जो छात्रों के विकास को समर्थन करता है। इस दौरान मुख्य अतिथि डॉक्टर रमेश कुमार मिश्र प्रधानाचार्य राष्ट्रीय विद्यापीठ इंटर कॉलेज पिठला एवं अभिभावक स्वरूप विजय कुमार उपाध्याय बाजार मालिक कुमारगंज उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि डॉक्टर रमेश कुमार मिश्रा ने प्रशिक्षित कार्यशाला का समापन करते हुए कहा कि इस ग्रामीण क्षेत्र में नई शिक्षा नीति पर आधारित विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम विद्यालय परिवार एवं क्षेत्र के लिए बड़े बहुत ही गौरव की बात है।

उन्होंने ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी के माध्यम से आए हुए प्रशिक्षकों एवं विद्यालय के प्रधानाचार्य को इसके लिए आभार व्यक्त किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य विनोद कुमार पांडेय एवं कोऑर्डिनेटर डॉक्टर कपिल देव पांडेय ने आए हुए समस्त पत्रकारों को अंग वस्त्र पेन तथा डायरी देकर सम्मानित किया। और यह भी बताया कि 2024 में अयोध्या जिले में प्रशिक्षण हेतु चुना जाने वाला पहला विद्यालय है।

# शोषित वंचित समाज के पैरोकार थे बाबू शिवदयाल चौरसिया : डॉ अशोक




**तेजयुग न्यूज**

**मिल्कीपुर/अयोध्या :** जनपद के मिल्कीपुर तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत सारी के अजयनगर चौराहे पर उम्मीद किरण सेवा संस्थान के तत्वाधान में बाबू शिव दयाल सिंह चौरसिया की जयंती एवं समाज जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि अंबेडकरनगर मेडिकल कॉलेज के सीनियर रेजिडेंट चिकित्सक डॉ अशोक चौरसिया ने संबोधित करते हुए कहा कि पूर्व राज्यसभा सदस्य बाबू शिवदयाल सिंह चौरसिया भारत में लोक अदालत के जनक थे उनकी सोच शुरू से ही वंचित समाज को अधिकार दिलाने की थी।

डॉ चौरसिया ने कहा कि उनका मानना था कि जब तक किसी समुदाय को महत्वपूर्ण स्थानों पर पहुंचने का मौका नहीं मिलता तब तक समाज में बदलाव नहीं हो सकता। विशिष्ट अतिथि श्रवण कुमार चौरसिया ने कहा कि बाबू शिवदयाल सिंह चौरसिया अन्य पिछड़े वर्ग के सामाजिक, आर्थिक एवं राजनैतिक उत्थान के लिए गठित काका कालेलकर पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य थे। संचालन समाजसेवी लाल चन्द्र चौरसिया तथा अध्यक्षता रमेश चौरसिया ने किया।

इस दौरान रितेश चौरसिया अंगद, राकेश चौरसिया, पूर्व जिला पंचायत सदस्य महेन्द्र चौरसिया, त्रिलोकी नाथ पासी, जंग बहादुर, हरिकेश चौरसिया,गंगा प्रसाद चौरसिया, राधेश्याम, अनिल कुमार, बंशराज चौरसिया, सत्यनारायण, राम नारायन चौहान आदि ने संबोधित किया। इस अवसर पर संस्था ने विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले चौरसिया समाज के लोगों को सम्मानित किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से मनोज चौरसिया, शुभम चौरसिया, आशुतोष चौरसिया आसू, दीवान चंद्र नारंग, जितेन्द्र रावत, सुनील चौरसिया, बैजनाथ कनौजिया, प्रीतम विश्वकर्मा, राजेश कुमार चौरसिया, बुधिराम चौरसिया, हरिश्चंद्र,राजेश कुमार समेत सैकड़ो लोग मौजूद रहे।